Think - WASHING MACHINE
Think - केडिया

क्विकर

13.5 लाख रुपये की ठगी

ठाणे, 25 मई,एजेंसी- कल्याण के एक कारोबारी से पांच लोगों ने सोने के सिक्के बेचने के नाम पर 13.5 लाख रुपये की ठगी कर ली. आरोपियों का दावा था कि उन्हें सोने के सिक्के निर्माण स्थल की खुदाई के दौरान मिले.

डोम्बिवली में तिलक नगर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दो महिलाओं समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए तलाश अभियान जारी है.

चार महिलाओं के साथ गैंगरेप

नोएडा, 25 मई, एजेंसी-

यूपी में एक बार फिर बुलंदशहर जैसी घटना सामने आई है. जेवर से बुलंदशहर जा रहे परिवार से यमुना एक्सप्रेस वे पर लूट के बाद लूटेरों ने परिवार के मुखिया की हत्या कर दी और 4 महिलाओं के साथ गैंगरेप किया. जानकारी के अनुसार एक परिवार कार में सवार हो कर बुलंदशहर जा रहा था तभी रास्ते में जेवर थाना अंतर्गत साबौता गांव के पास बुधवार की रात लुटेरों ने पीछा कर उन्हें रोक लिया.

फ्रांस में 2 संदिग्ध महिलाएं गिरफ्तार

पेरिस, 25 मई, एजेंसी- फ्रांस की आतंकवाद रोधी इकाइयों ने आतंकवादि साजिश रचने के संदेह पर उत्तरी फ्रांस से दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है. सरकारी टेलीविजन चैनल फ्रांस 3 हॉट्सडीफ्रांस के मुताबिक, दो महिलाओं को बुधवार को उत्तरी फ्रांस के लिले एंड हॉबोरडिन शहरों से गिरफ्तार किया गया है.इन दोनों की उम्र 20 से 25 साल के बीच है.

नौका पलटने से 31 की मौत

रोम, 25 मई, एजेंसी- लीबिया से इटली जा रही नौका के भूमध्य सागर में पलटने से 31 शरणार्थियों की मौत हो गई. इटली के तटरक्षक बल ने बताया कि इस नौका में 500 लोग सवार थे. समाचार एजेंसी एफे के मुताबिक, यह घटना बुधवार को लीबिया तट से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर हुई. समुद्र में लहरों का बहाव तेज होने से नौका डूब गई जिससे 200 लोग समुद्र में जा गिरे.

तीन पाकिस्तानी नागरिक पकड़े गए

बेंगलुरु, 25 मई, एजेंसी- भारत में फर्जी पहचान के जरिए प्रवेश करने और रहने के आरोप में दो महिलाओं सहित तीन पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है.पुलिस ने गुरुवार को बताया कि कल रात उनकी मदद करने के आरोप में उन्ही के साथ एक भारतीय को भी गिरफ्तार किया गया है.तीन पाकिस्तानी नागरिक शहर के कुमारस्वामी लेआउट में फर्जी नामों के तहत रह रहे थे और उन्होंने आधार कार्ड जैसे दस्तावेज भी हासिल कर लिए थे.

ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से 11 लोगों की मौत

नीमच, 25 मई, एजेंसी- मध्य प्रदेश के नीमच जिले के नयागांव कस्बे के पास कानखापट्टा गांव में गुरुवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलट जाने से उस पर सवार चार बच्चों और छह महिलाओं सहित 11 लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए.नीमच के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि यह हादसा उस वक्त हुआ ये लोग पड़ोस राजस्थान स्थित सांवरिया सेठ मंदिर के दर्शन के बाद अपने गांव खंडेरिया कचरिया लौट रहे थे.

ट्रंप का भारत को बड़ा झटका!

वॉशिंगटन- अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार ने भारत को एक बड़ा झटका देते हुए उसे विकास कार्यों के लिए दी जानी वाली सहायता में कटौती करने का प्रस्ताव रखा है. वर्ष 2016 में ये 8.5 करोड़ डॉलर थी जिसे 2018 में 3.33 करोड़ डॉलर किए जाने का प्रस्ताव रखा जा रहा है. प्रस्तावित विकासात्मक सहायता का बड़ा हिस्सा अंतर्राष्ट्रीय विकास हेतु अमरीकी एजेंसी के वैश्विक स्वास्थ्य कार्यक्रम का है.

दाऊद के रिश्तेदार की शादी में पहुंचे

भाजपा विधायक और अधिकारी

मुंबई, 25 मई, एजेंसी- अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के रिश्तेदार की शादी में भाजपा मंत्री, विधायक और पुलिसवालों के पहुंचने से विवाद छिड़ गया है.बीती 19 तारीख को नासिक में दाऊद के रिश्तेदार की शादी हुई थी.इसमें भाजपा नेता और सीएम देवेंद्र फड़णवीस के करीबी माने जाने वाले मंत्री गिरीश महाजन भी पहुंचे.

दाऊद इब्राहिम

महाजन महाराष्ट्र सरकार में मेडिकल एजुकेशन मिनिस्टर हैं. उनके साथ ही इस शादी में 10 पुलिसवाले भी पहुंचे, इनमें से एक असिस्टेंट पुलिस कमिशनर हैं और बाकी 9 इंस्पेक्टर लेवल के पुलिसकर्मी हैं. महाजन इस शादी में अकेले नहीं गए थे, उनके साथ भाजपा विधायक देवयानी फरांडे, बालासाहेब सनप और सीमा हिरे भी थे. इसके अलावा नासिक की मेयर रंजना भंसी और डेप्युटी मेयर प्रथमेश गीते भी कुछ पार्षदों को लेकर शादी में पहुंचे.जानकारी मिलने पर नासिक के पुलिस कमिशनर रविंद्र सिंघल ने मामले की जांच का आदेश दिया है और शादी में पहुंचे पुलिसवालों के बयान भी रिकॉर्ड कर लिए गए हैं. सीएम फड़णवीस ने भी मामले में सिंघल से रिपोर्ट मांगी है. पुलिस कमिशनर रविंद्र सिंघल ने इसकी पुष्टि कर दी है कि जिस शादी में भाजपा नेता और पुलिसवाले पहुंचे थे वह दाऊद की पत्नी की भतीजी की शादी थी. सिंघल ने बताया, हमें मिली जानकारी के मुताबिक दुल्हन की मां और दाऊद की पत्नी बहनें हैं. वहीं गिरीश महाजन ने भी शादी में जाने की बात स्वीकार की है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा है कि वह इस बात से अनजान थे कि दाऊद की पत्नी और दुल्हन की मां रिश्तेदार हैं. बता दें कि दूल्हा स्थानीय मुस्लिम लीडर शहर-ए-खातिब का भतीजा है. महाजन ने कहा, मैं उस शादी में खातिब के बुलाने पर गया था जो कि मुस्लिम समुदाय के सम्मानित नेता हैं. महाजन ने कहा-मुझे शादी के एक दिन बाद पता लगा कि दुल्हन दाऊद के परिवार की है. मैं नासिक का मंत्री हूं. मुझे बहुत सारे न्योते मिलते हैं. ऐसे में सभी के रिश्तेदारों के बारे में पता करना मेरे लिए संभव नहीं है. इस मामले में मैं शादी में इसलिए गया क्योंकि मैं खातिब को निजी तौर पर जानता हूं. मेरे साथ पार्टी के विधायक और नासिक के मेयरडेप्युटी मेयर भी गए थे.

मुंबई : भाजपा मंत्री गिरीश महाजन और अन्य शादी समारोह में भोजन का लुत्फ उठाते हुए.

दुल्हन की मां और दाऊद के पत्नी बहनें

सिंघल ने बताया कि दुल्हन के परिवार के खिलाफ अभी तक कोई भी मामला नहीं मिला है. लेकिन इस शादी में पुलिसवालों की मौजूदगी की जांच की जा रही है. वहीं एक पुलिस अफसर ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने शादी में होने की बात मानी है, लेकिन उन्होंने इसके पीछे दुल्हन और दूल्हे के परिवारवालों से अच्छे रिश्तों को वजह बताया है.

अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन ने दी

पत्रकार जे डे की हत्या की सुपारी?

दिल्ली, 25 मई, एजेंसी- पत्रकार ज्योतिर्मय डे (जे डे) की हत्या मामले में सरकारी वकील ने अदालत को बताया कि जे डे को गैंगेस्टर छोटा राजन ने ही मरवाया था और उसने ये बात अपने करीबी से बातचीत में स्वीकार भी की थी. छोटा राजन ने अपने करीबी से बातचीत में कथित तौर पर ये माना कि जे डे की राजन के दुश्मन दाऊद इब्राहिम से नजदीकी बढ़ रही थी इसलिए उनसे उसकी हत्या का कदम उठाया. राजन ने कथित बातचीत में जे डे के बारे में कहा-उसने हद पार कर दी थी. छोटा राजन जे डे की हत्या मामले में मुख्य आरोपी है.जे डे की 11 जून 2011 को मुंबई के पवई में कुछ अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी.बुधवार (24 मई) को मुंबई की एक अदालत में चल रही सुनवाई के दौरान सरकारी वकील प्रदीप घरट ने छोटा राजन और उसके करीबी मनोज शिवदासनी के बीच हुई बातचीत का ऑडियो पेश किया. मनोज शिवदासनी जे डे हत्या के एक अन्य आरोपी विनोद चेंबुर का मित्र है. विनोद चेंबुर की मौत हो चुकी है.

दाऊद से नजदीकियां बढ़ने का था शक

सरकारी वकील प्रदीप घरट ने मनोज शिवदासनी को विशेष अदालत में पेश किया. प्रदीप घरट के अनुसार शिवदासनी ने माना कि अदालत में पेश किए गए ऑडियो टेप में सुनाई दे रही आवाजें उसकी और छोटा राजन की हैं.छोटा राजन ने कथित बातचीत के एक ऑडियो में जे डे को गाली देते हुए कहा है, वो दाऊद से मिला हुआ है.राजन ने कथित तौर पर कहा किडे हद पार कर चुका है.बातचीत में जे डे मामले में गिरफ्तार किए गए पत्रकार जिगना वोरा का भी नाम लिया गया है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार जे डे की हत्या के एक दिन पहले जिगना ने छोटा राजन को 36 बार फोन किया था.

आईएस में भेजने को कराई मुस्लिम से शादी, कोर्ट ने की रद्द

कोच्चि, 25 मई, एजेंसी- केरल हाईकोर्ट ने एक मुस्लिम शख्स और हिंदू महिला की शादी को रद्द किए जाने का फैसला सुनाया.दोनों की शादी एक काजी ने करवाई थी. आरोप है कि दोनों की शादी महिला को आईएस में नियुक्त कराने के मकसद से कराई गई थी. कोर्ट ने मामले की जांच के आदेश देते हुए आईएस लिंक की पड़ताल करने को कहा है.

कोर्ट की डिविजन बेंच पीड़ित महिला के पिता की याचिका पर सुनवाई कर रही थी. पीड़िता के पिता का आरोप है कि किसी महिला के जीवन का इतना महत्वपूर्ण फैसला माता-पिता की सक्रिय भागीदारी के बगैर कैसे लिया जा सकता है, जो लोग इस शादी के गवाह बने उन्हें ऐसा करने का कोई हक नहीं था और न ही वे ऐसा करने के योग्य थे. कोर्ट के फैसले के मुताबिक, यह शादी एक दिखावा थी और कानून की नजर में इसका कोई अर्थ नहीं है,लिहाजा इसे रद्द किया जाता है. शादी रद्द करने का फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने पुलिस को डीटेल जांच करने के निर्देश दिए और शादी कराने वाली संस्था की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कहा.

पीड़िता तमिलनाडु के सलेम में पढ़ाई पूरी करने के बाद इंटर्नशिप कर रही थी. पीड़िता के पिता का आरोप है कि उसके साथ रहने वाली दो मुस्लिम बहनों ने उसे जबरन मुसलमान बनाया और उसे एक मुस्लिम संस्था में ले गए, जहां उसे गैरकानूनी ढंग से रखा गया. पिता का आरोप है कि जबरन एक मुस्लिम से शादी कराकर उसे आईएस में शामिल किए जाने की योजना बनाई जा रही थी, उसे सीरिया भेजे जाने की तैयारी थी.

घुसपैठ के फिराक में 150 आतंकी

जम्मू, 25 मई, एजेंसी-

भारतीय सीमा में घुसपैठ की ताक में नियंत्रण रेखा के पार करीब 150 से ज्यादा आतंकवादी बैठे है. खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के बाद सेना अलर्ट पर है और नियंत्रण रेखा पर पैनी नजर बनाए हुए है.सेना को मिली खुफिया जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान सेना की पनाह में छुपे ये आतंकी 45 के छोटे-छोटे समूह में बंट गए थे, जिनमें से एक समूह को नौगाम में मार गिराया गया. जबकि अगले कुछ हफ्ते में बाकी के आतंकी भी घुसपैठ की कोशिश कर सकते हैं.

शाहरुख के बंगले के बाहर मिलीं 'लापता' बहनें

नासिक, 25 मई, एजेंसी- नासिक से दो दिन पहले एक ही परिवार की कथित तौर पर लापता हुयी छह नाबालिग लड़कियों का पुलिस ने मुंबई में शाहरूख खान के बंगले मन्नत के बाहर पता लगाया. ये लड़कियां अपने पसंदीदा अभिनेता की एक झलक पाने वहां पहुंच गयी थी.

पुलिस के मुताबिक लड़कियों के अभिभावकों ने घर में उनके नहीं दिखने के बाद 23 मई की रात म्हासरूल थाने में लापता होने की शिकायत दर्ज करायी थी.म्हासरुल थाने के प्रभारी सुभाष चंद्र देशमुख ने बताया कि शाहरुख खान की युवा प्रशंसकों में सभी चचेरी बहनें हैं, जिसकी उम्र 12 से 15 के बीच है.ये लड़कियां 23 मई की शाम अपने घर से निकल गयी और जिले के कलवान तालुका में प्रसिद्ध नंदूरी मंदिर गयीं.इसके बाद वे सभी नासिक रोड रेलवे स्टेशन पहुंची और शताब्दी एक्सप्रेस में सवार होकर दादर पहुंच गयी.वहां पहुंचने पर अभिनेता को देखने उनके घर के बाहर वे सभी पहुंच गयीं.

पसंदीदा अभिनेता की झलक पाने के लिए छोड़ा घर

देशमुख ने गुरुवार को बताया कि नासिक से एक पुलिस टीम को लड़कियों के ठिकानों के बारे में पता करने के लिए मुंबई भेजा गया जहां से 24 घंटे के भीतर लड़कियों को सुरक्षित वापस ले आया गया.

मंत्री का रसोईया बना खदान का मालिक

26 करोड़ की कीमत, सियासी गलियारे में हलचल

चंडीगढ़, 25 मई, एजेंसी- पंजाब के बिजली व सिंचाई मंत्री राणा गुरजीत सिंह की शूगरज लिमिटेड के दफ्तर में मुलाजिमों को परांठे खिलाने वाला रसोईया अमित बहादुर आज राज्य की सबसे महंगी रेत और बजरी की खदान का मालिक बन गया. इसके बाद पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के वकील एच.सी.अरोड़ा ने मीडिया रिपोर्ट के हवाले से आरोप लगा इसकी जांच की मांग की.

दरअसल शुक्रवार को खदान की ई-नीलामी हुई, जिसमें बहादुर ने शहीद भगत सिंह नगर (नवांशहर) के सैदपुर खुर्द की खदान की 26.51 करोड़ रुपए में बोली लगा दी. इस बोली दौरान उसने 32 लोगों को पछाड़ा.

बहादुर पंजाब के बिजली और सिंचाई मंत्री राणा गुरजीत सिंह की राणा शुगर मिल्लज में रसोईए को तौर पर काम करता है.यही नहीं कम से कम तीन अन्य मुलाजिमों ने 19 और 20 मई को रेत और बजरी की 89 खदानों की हुई ई-नीलामी में सफलता हासिल की.

14.3 लाख लगाने वाले 3 साल में बने करोड़पति

दिल्ली, 25 मई, एजेंसी- मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल के तीन साल पूरे कर लिए. इस दौरान सरकार ने कई महत्वपूर्ण आर्थिक सुधारों को अंजाम दिया और यह प्रक्रिया जारी है. इधर, अर्थव्यवस्था के मौलिक मापदंडों में मजबूती देखी जा रही है. इनके अलावा, देश में राजनीतिक स्थिरता एवं सरकार के स्तर पर सक्रियता की वजह से शेयर बाजार नित नई ऊंचाइयां छू रहा है. इसी क्रम में पिछले तीन सालों में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट वैल्यू 40 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया है. मार्केट वैल्यू में वृद्धि के मामले में

बजाज फाइनेन्स की ऊंची दौड़

कम्पनी ने दिया बड़ा मुनाफा

मारुति सुजुकी, आईओसी, एचडीएफसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों ने नेतृत्वकारी प्रदर्शन किया. लेकिन, बेस्ट परफॉर्मर्स की टॉप 10 लिस्ट में जगह बनाने वाली एक नई कंपनी ने सबको चकित कर रखा है.जिन निवेशकों ने तीन साल पहले इस कंपनी के शेयर में 14.27 लाख रुपये निवेश किए होंगे, वह आज करोड़पति बन चुके हैं. पिछले तीन साल में यह शेयर 538 प्रतिशत उछला है और अब कंपनी दिग्गजों की सूची में शुमार हो चुकी है. यह कंपनी है बजाज फाइनैंस.इस स्टॉक का मार्केट कैप शुक्रवार को 71,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो महज तीन साल पहले 10,000 करोड़ रुपये था. कंपनी ने पिछले तीन साल से वित्त वर्ष 2016 तक 29.31 प्रतिशत की दर से ऐनुअल प्रॉफिट ग्रोथ दर्ज की है. इस अवधि में कंपनी की बिक्री में सालाना 33.64 प्रतिशत की वृद्धि हुई. विश्लेषक अब भी इस स्टॉक में निवेश की सलाह दे रहे हैं.

भीम आर्मी भाजपा का प्रॉडक्ट

दिल्ली, 25 मई,एजेंसी- सहारनपुर में जातीय हिंसा को लेकर चर्चा में आई भीम आर्मी को भाजपा का प्रॉडक्ट बताते हुए बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने इस संगठन के साथ किसी तरह के संबंध से इन्कार किया है. बीएसपी और मायावती के भाई आनंद कुमार के साथ जुड़ाव के आरोपों पर सफाई देते हुए मायावती ने कहा- मेरे भाई और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का भीम आर्मी से कोई कनेक्शन नहीं है. हमारी पार्टी आरोपों की निंदा करती है.सहारानपुर में बीएसपी के लोगों का मानना है कि भीम आर्मी पूरी तरह से भारतीय जनता पार्टी का ही प्रॉडक्ट है.

सहारनपुर हिंसा : गृह मंत्रालय ने उप्र से मांगी विस्तृत रिपोर्ट

दिल्ली, 25 मई, एजेंसी- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में जातिगत हिंसा पर प्रदेश सरकार से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी. इस हिंसा में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं. मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा-हां, मंत्रालय ने विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. सहारनपुर के संभागीय आयुक्त एम.पी. अग्रवाल तथा पुलिस उप महानिरीक्षक जे. के. शाही का गुरुवार को तबादला कर दिया गया.इसके अलावा, दलितों व राजपूतों के बीच संघर्षो के बाद जिले में सोशल मीडिया पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है. योगी की सरकार द्वारा जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को निलंबित करने के एक दिन बाद ये तबादले किए गए हैं.

दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करतीं हुई पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी.

यूएन ने खोली पाक के झूठ की पोल!

संयुक्त राष्ट्र, 25 मई, एजेंसी- संयुक्त राष्ट्र ने पाकिस्तानी सेना के झूठ की पोल खोलते हुए उसके उस दावे का खंडन किया है, जिसमें कहा गया था कि नियंत्रण रेखा पर उसके सैन्य पर्यवेक्षकों को भारतीय सेना ने निशाना बनाने की कोशिश की.

भारत-पाक के संघर्ष विराम उल्लंघन पर नजर रखने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने जम्मू-कश्मीर में सैन्य पर्यवेक्षकों का दल नियुक्त कर रखा है. संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतेरेस के प्रवक्ता स्टीफन डुजारिक ने कहा कि पर्यवेक्षक दल पर हमले की कोशिश का कोई सबूत नहीं मिला है. पाकिस्तान कब्जे वाले भींबर जिले में पाकिस्तानी सेना की सुरक्षा में गश्त के दौरान पर्यवेक्षक दल को फायरिग की आवाज जरूर सुनाई दी लेकिन उसने किसी को इन गोलियों का शिकार होते नहीं देखा. गोलियों से न तो पर्यवेक्षक दल का कोई सदस्य घायल हुआ और न ही उनके वाहन को कोई नुकसान हुआ. जबकि पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग ने कहा था कि संयुक्त राष्ट्र पर्यवेक्षक दल के अधिकारियों को ले जा रहे वाहन पर नियंत्रण रेखा के नजदीक भारतीय सेना ने गोलीबारी की.

संयुक्त राष्ट्र दल को हमले का कोई सबूत नहीं मिला

मुंबई, कोटा व ढाका दुनिया के

सबसे ज्यादा भीड़भाड़ वाले शहर

दिल्ली, 25 मई, एजेंसी- भारत के दो शहर मुंबई और कोटा दुनिया के सबसे ज्यादा भीड़भाड़ वाले शहरों में शामिल है. इस सूची में बांग्लादेश की राजधानी ढाका सबसे शीर्ष पर है. विश्व आर्थिक मंच ने संयुक्त राष्ट्र के आवास आंकड़ों के आधार पर यह बात कही है.

इन आंकड़ों के मुताबिक बांग्लादेश की राजधानी ढाका सबसे ज्यादा भीड़भाड़ वाला शहर है. यहां प्रति वर्ग किलोमीटर में 44,500 लोग रहते हैं.इसके बाद भारत की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले मुंबई शहर का स्थान है जहां प्रति हेक्टेयर 31,700 लोगों का वास है.

मुंबई इस मामले में दूसरे स्थान है.

इस सूची में राजस्थान का कोटा शहर भी शामिल है, जहां प्रति वर्ग किलोमीटर में 12,100 लोग रहते हैं. सबसे ज्यादा भीड़भाड़ वाले शहरों की सूची में कोटा सातवें नंबर पर है.इस सूची में कोलंबिया का मेडेलिन शहर तीसरे नंबर पर है. यहां प्रति वर्ग किलोमीटर 19,700 लोग, मनीला (फिलीपींस) 14,800 लोगों के साथ चौथे स्थान पर रहा. मोरक्को का कासाब्लांका, प्रति वर्ग किलोमीटर 14,200 लोगों के साथ पांचवें, नाइजीरिया का लागोस, 13,300 लोगों के साथ छठे स्थान, सिंगापुर 10,200 लोग के साथ आठवें और इंडानेशिया का जकार्ता शहर प्रति किलोमीटर 9,600 लोगों का निवास स्थान होने के साथ नौवें नंबर पर रहा.डब्ल्यूईएफ का कहना है-इसकी अलग-अलग वजह हो सकतीं हैं कि बड़ी संख्या में लोग शहरी क्षेत्रों में क्यों रह रहे हैं, लेकिन ज्यादातर मामलों में यह सामान्य सी सच्चाई है.

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट

10,200 लोगों के साथ सिंगापुर आठवें स्थान पर

भूकंप का पूवार्नुमान लगाया जा सकेगा

दिल्ली, 25 मई, एजेंसी- भारत में एक ऐसी चेतावनी प्रणाली विकसित करने पर काम किया जा रहा है,जिससे इसका पूवानरुमान लगाया जा सके और भूकंप से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके.विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि दुनिया में अभी कहीं पर भी भूचाल,भूकंप का पूवार्नुमान लगाने की प्रणाली नहीं है. इस दिशा में कार्य चल रहे हैं और भारत में भी प्रयास हो रहा है.

भारत में आईआईटी रूड़की और ताइवान मिलकर अध्ययन कर रहे हैं. नेशनल सेंटर फार सिस्मोलॉजी के देशभर में 84 स्टेशन और 150 वेधशालाएं हैं. पूर्वोत्तर में भी केंद्र है. सभी केंद्र इस विषय पर अध्ययन कर रहे हैं.

हेमकुंड साहिब के कपाट खुले

गोपेश्वर, 25 मई, एजेंसी- चमोली जिले में उच्च हिमालयी क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध सिख तीर्थस्थल हेमकुंड साहिब के कपाट बुधवार को परंपरागत पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए. हल्के बादलों के बीच सोलह हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित इस तीर्थस्थल में कपाट खुलने के बाद श्रद्धालुओं ने पवित्र गुरुद्वारा के दर्शन किए. कपाट खुलने के मौके पर हेमकुंड साहिब में करीब पांच हजार श्रद्धालु मौजूद थे.हेमकुंड गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अनुसार सुबह साढ़े नौ बजे कपाट खुलने के बाद पहली अरदास पढ़ी गई. उसके बाद सुखमनी साहिब का पाठ हुआ और फिर एक घंटे तक सबद कीर्तन चला. चारों ओर से हिम शिखरों से ढके होने और समुद्र तल से काफी ऊंचाई पर स्थित होने के कारण यहां अभी भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है.इसके बावजूद तीर्थयात्रियों ने गुरुद्वारे में दर्शन करने से पहले पवित्र हेमकुंड सरोवर में डुबकी लगाई.